प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

पंचदश बिहार विधान सभा के नवम (विशेष) सत्र के शुभारंभ के अवसर पर मैं आप सबों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ ।

हमने अभी तक के संसदीय व्यवहार से यह सीखा है कि आम आदमी के रोजमर्रा की जिन्दगी की कठिनाइयों को दूर करने में यह सदन जितना सार्थक विमर्श करेगा हमारी संसदीय प्रणाली उतनी ही समृद्ध होगी । बिहार में न्याय के साथ विकास की गति तेज हो रही है, हमारी कोशिश होनी चाहिए कि यह महान सदन अपने एक-एक पल का उपयोग लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करते हुए इस गति को और तेज करे । बिहार की जनता और संसदीय लोकतंत्र दोनों का भविष्य इसी पर निर्भर करेगा ।

संसदीय व्यवहार की मूलभूत मान्यताऐं और सिद्धांत सदन के संचालन में मार्ग-दर्शक की भूमिका निभाते हैं । हम सभी को संसदीय प्रणाली को मजबूत करने हेतु सदन और सदन की कार्यवाही को सार्थक बनाना चाहिए ।

मुझे आशा और विश्वास है कि इस विशेष सत्र के सफल संचालन में आप सभी का सहयोग प्राप्त होगा ।

धन्यवाद !

❄❄❄❄❄